<u>ब्रेन इंटरनेशनल स्कूल</u>

विषय – हिंदी **कक्षा –**आठ **अभ्यास पत्र** **नवंबर (2024-2025)**

प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

तुम्हें क्या करना चाहिए, इसका ठीक-ठीक उत्तर तुम्हीं को देना होगा, दूसरा कोई नहीं दे सकता। कैसा भी विश्वास-पात्र मित्र हो, तुम्हारे इस काम को वह अपने ऊपर नहीं ले सकता। हम अनुभवी लोगों की बातों को आदर के साथ सुने, बुद्धिमानों की सलाह को कृतज्ञता पूर्वक माने पर इस बात को निश्चित समझकर कि हमारे काम से ही हमारी रक्षा व हमारा पतन होगा। हमें अपने विचार और निर्णय की स्वतंत्रता को दृढ़ता पूर्वक बनाए रखना चाहिए। जिस पुरुष की दृष्टि सदा नीची रहती है, उसका सिर कभी ऊपर न होगा। नीची दृष्टि रखने से यद्यपि रास्ते पर रहेंगे, पर इस बात को न देखेंगे कि यह रास्ता कहाँ जाता है। चित्त की स्वतंत्रता का मतलब चेष्टा की कठोरता या प्रकृति की उग्रता नहीं है। अपने व्यवहार में कोमल रहो और अपने उद्देश्यों को उच्च रखो, इस प्रकार नम्र और उच्चाशय दोनो बनो। अपने मन को कभी मरा हुआ न रखो। जो मनुष्य अपना लक्ष्य जितना ही ऊपर रखता है उतना ही उसका तीर ऊपर जाता है।

i.मनुष्य को क्या करना चाहिए, इसका ठीक-ठीक उत्तर कौन देगा?
(क) मनुष्य को उत्तर स्वयं देना होगा।
(ख) दूसरों से उत्तर माँगना होगा।
(ग) कोई भी उत्तर नहीं दे सकता।
(घ) मनुष्य का चित्त उत्तर देगा।

ii. हमें दृढ़तापूर्वक बनाए रखना चाहिए-
(क) अच्छे गुणों को
(ख) अपने कार्यों को
(ग) अपने विचार और निर्णय की स्वतंत्रता को
(घ) अपने व्यवहार को

iii. अपना सिर ऊपर रखने के लिए मनुष्य को क्या करना चाहिए?
(क) सिर उठाकर चलना चाहिए।
(ख) नजरें नीची करके चलना चाहिए।
(ग) अपने उद्देश्य को ऊँचा रखना चाहिए।
(घ) इनमें से कोई नहीं।

iv. मनुष्य की रक्षा और पतन के कारण क्या हैं?
v. चित्त की स्वतंत्रता का मतलब क्या है?

प्रश्न 2. निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

i) निम्नलिखित विराम चिह्नों के नाम लिखिए और वाक्य भी बनाइए -

क) !
ख) ( )
ग) ,
घ) -
ङ) __

ii) निर्देशानुसार परिवर्तन कर वाक्य दोबारा लिखिए –

क) राधा पढ़ती है ,मीरा पढ़ती है (सरल वाक्य बनाइए)
ख) पार्क में बैठी औरत मेरी मौसी है |(संयुक्त वाक्य बनाइए)
ग) गिलास तोड़ने वाले बालक को बुलाओ |(मिस्र वाक्य बनाइए)
घ) बाढ़ आने से खेत जल मग्न हो गए | (संयुक्त वाक्य बनाइए)

iii) दिए गए उपसर्ग व प्रत्यय से दो-दो शब्द बनाइए –

क) उपसर्ग – परा , अनु , नि , अध , अव
ख) प्रत्यय – इत , अक ,आवा , आ , इक

प्रश्न 3.निम्न प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में दीजिए।

1) झाऊलाल की पत्नी ने उनसे ऐसा क्या कहा कि उनका जी बैठा जा रहा था ?
2) 'अकबरी लोटा' पाठ पढ़कर बिलवासी जी के चरित्र की तीन विशेषताएँ लिखिए ?
3) गोपियाँ यशोदा माँ से किस हानि की बात करती हैं , यह हानि कैसे हो रही है ?
4) जब कृष्ण की चोटी नहीं बढ़ रही तो वे माँ से क्या शिकायत कर रहे हैं ?

प्रश्न 4. गमला टूटने पर नौकर और मलिक के बीच हुई बात-चीत को लगभग 60 – 80 शब्दों में संवाद के रूप में लिखिए ।